हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

भारत ने कनाडा में एक कार्यक्रम में खालिस्तान के नारों का कड़ा विरोध किया। इस कार्यक्रम को कनाडा के प्रधानमंत्री संबोधित कर रहे थे।

विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में नई दिल्ली में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब किया। मंत्रालय ने कहा कि इस आयोजन में इस तरह की परेशान करने वाली गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति देने पर भारत ने गहरी चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त किया है।

मंत्रालय ने कहा कि यह कनाडा में एक बार फिर अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को ब□ावा देना प्रदर्शित करता है। मंत्रालय ने कहा कि इन नारों की निरंतर अभिव्यक्ति न केवल भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती है, बल्कि कनाडा के नागरिकों के नुकसान के लिए हिंसा और आपराधिक माहौल को भी बढ़ावा देती है।

....

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा ली जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा-यूजीसी नेट अब इस वर्ष 18 जून को होगी। पहले यह 16 जून को ली जानी थी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने परीक्षार्थियों से मिले सुझाव अनुसार यह फैसला लिया है।

आयोग ने कहा है कि परीक्षा देशभर में एक ही दिन ओ एम आर विधि से जी जायेगी। यह परीक्षा महाविद्यालयों में जूनियर रिसर्च फैलोशिप तथा सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए ली जाती है।

....

लोकसभा चुनाव की छठे चरण के लिए नामांकन हेतु अधिसूचना जारी होते ही कल नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। हरियाणा की सभी 10 सीटों के लिए मतदान इसी चरण में 25 मई को होगा। पहले दिन भारतीय जनता पार्टी के गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं सोनीपत में तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किए।

इन उम्मीदवारों में गढ़ी ब्राहमणा निवासी दीक्षित शामिल हैं, जिन्होंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सोनीपत के अशोक विहार निवासी बलबीर ने सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया(कम्युनिस्ट) पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर और सोनीपत के सरस्वती विहार निवासी राकेश धारीवाल ने राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नांमांकन दाखिल किया।

वहीं, सिरसा लोकसभा क्षेत्र से जिला फतेहाबाद के रतिया हलके के गांव फुल्ला निवासी सुरेंद्र कुमार ने भी आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

....

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने कल हांसी और बवानी खेड़ा में हिसार से जेजेपी लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में शिरकत की और कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगो को संबोधित किया ।

उन्होंने सरकार में रहते हुए अपनी उपलब्धियाँ गिनाते हुए कहा कि हरियाणा को छोड़कर किसी भी अन्य राज्य में 3000 रुपए बुढ़ापा पेंशन नहीं है। उन्होंने कहा कि जेजेपी की सरकार में हिस्सेदारी रहने की वजह से हरियाणा में चौ देवीलाल द्वारा शुरू की गई बुढ़ापा पेंशन को तीन हज़ार रुपए तक पहुंचाया गया।

श्री दुष्यंत चौटाला ने विरोधियों पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा की विरोधियों द्वारा उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने जेजेपी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जेजेपी द्वारा किए गए कामों को ज्यादा से ज्यादा जनता को बता कर विरोधियों के दुष्प्रचार का जवाब दें।

....

जननायक जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह कल कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस के कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भान मौजूद रहे।

....

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने का कार्यक्रम जारी किया है।

पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि कल अंबाला से बी जे पी प्रत्याशी बंतो कटरिया, परसों कुरूक्षेत्र से उम्मीदवार नवीन जिंदल, 3 मई को रोहतक से प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा एवं सोनीपत से प्रत्याशी मोहन लाल बड़ोली और 4 मई को सिरसा से बीजेपी प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

इसी तरह 6 मई को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करते समय सभी प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मौजूद रहेंगे। इस दौरान विभिन्न जगह प्रत्याशियोंके हक में चुनावी सभाओं का आयोजन भीकिया जायेगा।

....

कल पंचकूला के सेक्टर 26 में श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से महाराष्ट्र सडक हादसे में जान गंवाने वाली इंस्पेक्टर नेहा चौहान की याद में

रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों के साथ काफी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर नेहा चौहान को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद पंचकूला की पुलिस उपायुक्त पंचकूला हिमाद्रि कौशिक ने रक्तदाताओ का बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया ।

पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित नागरिक अस्पताल के रक्त बैंक के प्रभारी डॉक्टर अमित सामी की देखरेख में आयोजित रक्तदान शिविर में 70 पुलिस जवानों नें रक्तदान किया गया।

....